केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित
(पूर्व में राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, मानित विश्वविद्यालय)
शिक्षा मन्त्रालय, भारत सरकार के अधीन
56-57, संस्थानिक क्षेत्र, जनकपुरी, नई दिल्ली - 110058

Central Sanskrit University
Established by an Act of Parliament
(Formerly Rashtriya Sanskrit Sansthan, Deemed to be University)
Under Ministry of Education, Govt. of India
56-57, Institutional Area, Janakpuri, New Delhi - 110058

के.सं.वि./परीक्षा/आवेदन पत्र /2021/ 1476 दिनांकः- 11.03.2021

सेवा में,

माननीय निदेशकगण/प्राचार्यगण,
विश्वविद्यालय के सभी सम्बन्धित परिसर एवं सम्बद्धता प्राप्त संस्थाएं

विषयः- वार्षिक परीक्षा- 2020-21 के सन्दर्भ में।

महोदय/महोदया,

सूचित किया जाता है कि शैक्षणिक वर्ष 2020-21 की वार्षिक परीक्षाओं पूर्वमध्यमा/उत्तर मध्यमा/प्राक्शास्त्री (प्रथम एवं द्वितीय वर्ष) और शिक्षाशास्त्री प्रथम एवं द्वितीय वर्ष का आयोजन जून 2021 माह में प्रस्तावित है। उक्त कक्षाओं की परीक्षाओं के आवेदनपत्र ऑनलाइन माध्यम से पूरित करने की सुविधा दिनांक 15.03.2021 से 31.03.2021 तक विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर दी जायेगी। सभी नियमित छात्रों को आवेदनपत्र ऑनलाइन माध्यम से पूरित करना अनिवार्य है। इस संबंध में छात्रों को सूचित किया जाना आवश्यक है कि ऑनलाईन आवेदनपत्र पूरित करने के पश्चात् आवेदनपत्र के प्रिन्ट आउट एवं समस्त शैक्षणिक अभिलेखों को संलग्न कर निर्धारित शुल्क छात्र संबंधित परिसर/संस्था में जमा करायें।

यहां यह भी स्पष्ट किया जाता है कि सम्बन्धित परिसर/संस्थाएं प्राप्त आवेदनपत्रों के विवरण (यथा-हिन्दी एवं आंग्लभाषा में परीक्षार्थी का नाम, पिता का नाम, माता का नाम, विषय कोड् आदि) की पूर्ण जाँच कर तथा निदेशक/प्राचार्य यथा-स्थान सत्यापन कर दिनांक 12.04.2021 तक सभी आवेदनपत्रों के साथ सम्पूर्ण परीक्षा शुल्क का एक ही बैंक ड्राफ्ट Central Sanskrit University, New Delhi के नाम से बनवाकर (किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत) परीक्षा विभाग में स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रेषित करना सुनिश्चित करेंगे।

छात्रों को ऑनलाईन परीक्षा आवेदनपत्र पूरित करने हेतु निम्नलिखित निर्देश अवश्य प्रदान करेंगे-

1. परीक्षा आवेदनपत्र पूरित करने की तिथि-15.03.2021 से 31.03.2021
2. आवेदनपत्र सावधानी पूर्वक पूरित करें।
3. विषय कोड का चयन क्रमांकानुसार करें।
4. परीक्षार्थी अपना एवं माता-पिता का नाम हिन्दी एवं आंग्लभाषा में सही से पूरित करें।
5. पूरित किये गये आवेदनपत्र का प्रिन्ट लेने के पश्चात्, उसका आवश्यक रूप से अवलोकन करें तथा आवश्यक प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपियों एवं निर्धारित परीक्षा शुल्क सम्बन्धित संस्था में जमा करें।
6. आवेदनपत्र निर्धारित दिनांक 31.03.2021 से पूर्व अवश्य पूरित करें।
7. पुनः परीक्षा हेतु ऑनलाईन सुविधा नहीं है। अतः ऐसे छात्र विश्वविद्यालय द्वारा प्रेषित ऑफलाईन आवेदनपत्र को सम्बन्धित परिसर/महाविद्यालय/संस्था से प्राप्त कर पूरित करें तथा निर्धारित परीक्षा शुल्क के साथ सम्बन्धित निदेशक/प्राचार्य को प्रेषित करेंगे।

कृ.प.उ.

8. अ.जा./अ.ज.जा./दिव्यांग श्रेणी से सम्बन्धित नियमित छात्र/छात्रा को परीक्षा शुल्क से छूट दी गई है। ऐसे छात्र/छात्रा को परीक्षा आवेदनपत्र के साथ अ.जा./अ.ज.जा./दिव्यांग से सम्बन्धित प्रमाणपत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
9. शिक्षाशास्त्री द्वितीय वर्ष के अ.जा./अ.ज.जा./दिव्यांग श्रेणी से सम्बन्धित छात्रों को प्रमाण पत्र हेतु 300/-रूपये देय होगा।
10. अन्तिम तिथि के पश्चात् परीक्षा आवेदनपत्र स्वीकार्य नहीं होगा।
11. पुनः परीक्षा हेतु सम्बन्धित कक्षा के निर्धारित शुल्क का आधा शुल्क ही देय होगा।
12. वार्षिक प्रणाली के अंतर्गत शास्त्री, आचार्य एवं शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रमों में पंजीकृत छात्र जो पुनः परीक्षा/श्रेणी सुधार में सम्मिलित होना चाहते हों तो ऐसे छात्रों को भी निर्धारित शुल्क के साथ ऑफलाईन माध्यम से परीक्षा फार्म प्रपूरित करने के निर्देश प्रदान करेंगे।
13. छात्रों को परिसर/संस्था द्वारा स्पष्ट निर्देश दिये जायें कि व्यक्तिगत रूप से परीक्षा आवेदन पत्र या बैंक ड्राफ्ट मुख्यालय में सीधे प्रेषित सर्वथा न करें।

परीक्षा शुल्क विवरण-

Sl. No.	Class	Fee
1	Poorvamadhyama/Uttarmadhyama/Prakshastri (1st & 2nd Year)	250/-
2	Shiksha Shastri 1st Year	500/-
3	Shiksha Shastri 2nd Year Exam Fee – 500/- For Certificate Fee – 300/-	800/-
4	Shastri 1st, 2nd & 3rd Year (Reappear/ Improvement)	250/-
5	Acharya 1st & 2nd Year (Reappear/ Improvement)	300/-
6	Shiksha Shastri 1st & 2nd Year (Reappear/ Improvement)	250/-

पुनः निवेदन किया जाता है कि प्रदत्त तिथियों की अनुपालना आवश्यक रूप से की जाये, जिससे परीक्षाओं के आयोजन में सुगमता हो।

सादर,

भवदीय

Pawan Kumar

(प्रो. पवन कुमार)

परीक्षा नियन्त्रक